आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 14.01.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. मकर संक्रान्ति और पोंगल का त्यौहार आज मनाया जा रहा है।

2. विश्व हिन्दु परिषद की ओर से मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में आज कार्बाइंस–कोव तट पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

3. आज सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस है–इस अवसर पर उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने द्वीपसमूह के सभी भूतपूर्व सैनिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

4. डिगलीपुर तहसील के पंचायत समिति सदस्य और ग्राम पंचायत सदस्य तथा फरारगंज तहसील के सदस्य के उप–चुनाव की मतगणना कल होगी।

5. शहीद द्वीप में विवेकानन्द मेले का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

आज मकर संक्रान्ति और पोंगल का त्यौहार मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अपने संदेश में उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने द्वीपवासियों को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंनें कहा कि मकर संक्रान्ति और पोंगल का उत्सव वसन्त ऋतु के आगमन और कृषि समृद्धि का सूचक है। यह सभी क्षेत्रों के लोगों द्वारा हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण यह उत्सव हमें द्वीपसमूह में व्याप्त परस्पर भाईचारे और सौहार्द की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कामना की यह त्यौहार सभी के जीवन में सुख और समृद्धि लेकर आएं।

इस बीच सांसद बिष्णु पद रे ने भी सभी द्वीपवासियों को पोंगल ,मकर संक्रान्ति और माघ बीहू की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह त्यौहार भरपूर फसल के लिए प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करने का उत्सव है। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार परंपरा खुशी और एकजुटता का एक प्रतीक है।

इस अवसर पर पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने भी लोगों को पोंगल और मकर संक्रान्ति की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि फसल कटाई का यह त्यौहार किसानों के प्रति आभार प्रकट

करने का समय है। उन्होंने कामना की कि यह त्यौहार लोगों के जीवन में शान्ति, समृद्धि और खुशिया लेकर आएं।

<><><><><><><>

इस बीच विश्व हिन्दु परिषद की ओर से मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में कार्बाइंस–कोव तट पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज सुबह नौ बजे पूजा–अर्चना की जाएगी और दिन में ग्यारह बजे से भजन–कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित होंगे। दोपहर बारह बजे से महाभोग का आयोजन किया गया है।

<><><><><><><>

आज सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर  उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने द्वीपसमूह के सभी भूतपूर्व सैनिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह दिन भूतपूर्व सैनिकों के निःस्वार्स्थ समर्पण और सेवा के लिए एक श्रद्धांजलि है, जिनका बलिदान हमारे राष्ट्र के सुरक्षा और स्वतंत्रता का आधार रही है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि प्रत्येक भूतपूर्व सैनिक वीरता, दृढ़ता और समर्पण की एक अनूठी कहानी लेकर आता है। यह एक विरासत है, जो राष्ट्रीय ताने–बाने को समृद्ध करती है।

इस बीच आज से तीस जनवरी तक पशु कल्याण पखवाड़ा मनाए जाने के सिलसिले में उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने इसके सफल आयोजन के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि इस पखवाड़े का उद्देश्य समाज में सभी पशुओ के प्रति दयालुता, सम्मान और करूणा से व्यवहार करने के महत्व के विषय में जागरूकता उत्पन्न करना है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के शीतकालीन अध्ययन दौरे पर आए मसूरी के लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के उन्नीस आई ए एस परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने कल राजनिवास में उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी से मुलाकात की।

इस बीच द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद रे ने भी कल उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी से राजनिवास में मुलाकात की।

<><><><><><><>

डिगलीपुर तहसील के अंतर्गत पश्चिम सागर के लिए ग्राम पंचायत समिति सदस्य, डिगलीपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत नबाग्राम के नबाग्राम–एक के सदस्य निर्वाचन क्षेत्र और फरारगंज तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत होपटाउन के होपटाउन–एक के सदस्य निर्वाचन क्षेत्र के लिए हाल ही में उप–चुनाव कराया

गया। पूरी मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हुई। मतदान सामग्री को चिन्हित स्ट्रांग रूम में रखा गया है। ग्राम पंचायत होपटाउन के होपटाउन–एक के सदस्य निर्वाचन क्षेत्र के लिए छियहत्तर दशमलव छः–छः प्रतिशत, ग्राम पंचायत नबाग्राम के नबाग्राम–एक के सदस्य निर्वाचन क्षेत्र में पचहत्तर दशमलव दो–पांच प्रतिशत और पश्चिम सागर के लिए पंचायत समिति सदस्य के लिए इकसठ दशमलव दो–शून्य प्रतिशत मतदान किए गए। मतगणना कल सुबह आठ बजे से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

शहीद द्वीप में विवेकानन्द मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का उद्‌घाटन मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने किया। इस अवसर पर मत्स्य सचिव ज्योति कुमारी, अंडमान निकोबार प्रशासन के अधिकारियों और स्थानीय पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य भी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने स्वामी विवेकानंद के मूल्यों और शिक्षाओं का अनुसरण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विवेकानंद का जीवन मूल्यों और प्रेरणा से भरा है, जो हर व्यक्ति को प्रेरित करता है। मुख्य सचिव ने स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने मेला में लगाए गए स्टॉलों का भी दौरा किया। प्रशासन के विभिन्न विभागों ने अपनी गतिविधियों और उल्लेखनीय उपलब्धियों को दर्शाने के लिए स्टॉल लगाए हैं। उपस्थिति का स्वागत करते हुए ग्राम पंचायत नील केंद्र की प्रधान पिंकी दास ने बताया कि वर्ष उन्नीस सौ तिरानब्बे से 'विवेकानंद मेला' आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अट्‌ठारह जनवरी तक यह मेला जारी रहेगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय युवा दिवस मनाए जाने के सिलसिले में हाल ही में मायाबंदर स्थित भारतीय तटरक्षक केन्द्र ने वनवासी कल्याण आश्रम और अंडमान निकोबार पुलिस के साथ ऑस्टिन–2 में एक चिकित्सा शिविर और सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किया। तटरक्षक के कमांडिंग ऑफिसर कमांडेंट एस. के लॉरेंस ने इस कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान, ए एस आई निर्मला केरकेट्टा और हेड कांस्टेबल अरोडी दास ने प्रतिभागियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, दो हजार तेईस और भारतीय न्याय संहिता, दो हजार तेईस, पॉक्सो मामलों के बारे में जानकारी प्रदान की। तटरक्षक पत्नी कल्याण संघ ने भी "महिला स्वच्छता" पर व्याख्यान प्रस्तुत किया और प्राथमिक चिकित्सा किट वितरित किए। इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम के उपाध्यक्ष मुथुकुमार, जिला सचिव राम कुमार सिंह और डॉ. आर पी अस्पताल की आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियंका इकबाल उपस्थित थी। चिकित्सा शिविर में अस्सी से अधिक ग्रामीणों का उपचार किया गया और उनमें आयुर्वेदिक और एलोपैथिक दवाईयां वितरित की गईं।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ–सफाई और स्वच्छता की जांच करने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर और पद्मश्री से सम्मानित नरेश चन्द्र लाल ने कल माध्यमिक विद्यालय दिलानीपुर का दौरा किया और छात्रों के साथ बातचीत की। उन्होंने छात्रों से अपने स्कूल परिसर के साथ–साथ अपने आस–पास के क्षेत्रों में  भी सफाई बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने सभी छात्रों से खुद को नशीले पदार्थों से दूर रखने का अनुरोध किया और उन्हें खेलकूद में शामिल होकर खुद को फिट रखने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री लाल ने छात्रों को जल संरक्षण भी करने को कहा। इस दौरान उनके साथ स्कूल के प्रधानाध्यापक और उप–प्रधानाचार्य बेबी नज़राना भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

राजीव गांधी जलक्रीड़ा परिसर स्थित क्षतिग्रस्त फ्लोटिंग जेट्टी की मरम्मत कर दी गई है। सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस जेट्टी की सेवाएं आज से शुरू हो रही है। सभी जलक्रीड़ा गतिविधियां और उनतीस यात्री क्षमता वाले छोटे जलयानों का संचालन अब जंगलीघाट जेट्टी से राजीव गांधी जलक्रीड़ा परिसर में स्थानांतरित कर दी जाएगी।

<><><><><><><>